**Continental Chemicals Ltd**

Regd. & Head Office : A-7, Sector-7, Noida-201301 (U.P.) India

Tel. : 91-120-2423316
Fax : 91-120-2423316
E-mail : info@continentalsoft.com
: nkc@continentalsoft.com
Web : www.continentalchemicalsltd.com
CIN : L24123UP1984PLC014111

**Date: 19.05.2025**

To
The General Manager
Bombay Stock Exchange & Listing
Corporate Relationship Department,
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building PJ Tower,
Dalal Street, Fort
Mumbai-400001
**Scrip code – 506935**
**ISIN- INE423K01015**
**Subject: Newspaper Copy for Audited Financial Results (Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 for Quarter and Year ending on 31st March, 2025, Published in newspaper on 18th May, 2025:**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith advertisement of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on 31st March, 2025 as published in newspapers. The Board approved and took on record the Audited Quarterly Financial Results for the quarter and Year ended on 31st March, 2025 in their board meeting held on Saturday, 17.05.2025 which was started at 3:30 P.M. and concluded at 4:00 P.M. at the Registered office of the Company situated at A-7, Sector-7, Noida-201301.
Please take the same in your records.
Thanking you,
Your Faithfully,
For **Continental Chemicals Limited**

Sakshi Dhawan Digitally signed by Sakshi Dhawan
Date: 2025.05.19 12:34:43 +05'30'

CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED NOIDA

**Sakshi Dhawan**

**Company Secretary**

**(Membership No: ACS 033279)**

Encl: Copy of Published Audited Financial Results for the 4th Quarter and Year ended on 31st March, 2025 in Hindi and English Newspaper

## ग्राम चौपालों में 5 लाख से अधिक प्रकरणों का किया गया निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1342 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

# प्रत्येक मंडल में स्थापित हों आयुष महाविद्यालय: मुख्यमंत्री

## आयुष के सभी संस्थानों में नेचुरोपैथी एवं योग सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए ताकि कोई कमी न रह जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जो जनसामान्य को योग प्रशिक्षण दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो। बैठक के दौरान आयुष विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष न केवल भारत की चिकित्सकीय परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को भी परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आयुष के क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में लाने के लिए सभी प्रयासों को एकजुट, योजनाबद्ध और समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए।

# 16वें वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल करेगा राम मंदिर और बाबा विश्वनाथ के दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आगामी 5 और 6 जून को प्रतिनिधिमंडल पहुंचेगा लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी से भी करेगा मुलाकात

**उत्तर** प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत देश-विदेश में एक नया आकर्षण बन रही है। अयोध्या के श्रीराम मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ के साथ ही सरकारी आयोग और संस्थाएं भी दर्शन के लिए उत्साहित हैं। 16वें वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल भी अपने यूपी दौरे के दौरान इन पवित्र स्थलों के दर्शन करेगा, जिससे राज्य के आध्यात्मिक पर्यटन की वैश्विक पहचान और मजबूत हो रही है। आगामी 5 जून को वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ पहुंचेगा, जहां वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। इसके बाद, 5 जून को वाराणसी में गंगा की पावन आरती में शामिल होने के साथ ही बोट राइड का आनंद लेंगे। 6 जून को प्रतिनिधिमंडल श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव मंदिर के दर्शन करेगा। इसके अलावा, संकट मोचन मंदिर और सारनाथ जैसे अन्य धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेगा। आध्यात्मिक दर्शन के साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल वाराणसी के मकबूल आलम रोड स्थित पन्या सिल्क की ओडीओपी साइट का भी दौरा करेगा। रसूलपुर, पिंडरा में पंचायती भवन और अमृत सरोवर का जायजा लेने के अलावा, अर्बन डेवलपमेंट के तहत ग्रीन बफर जोन, मडुवाडीह फ्लाईओवर, बेनियाबाग मियावाकी प्लांटेशन और रवींद्रपुर बेलवरिया पार्क का भी अवलोकन कर सकता है।उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। अयोध्या और वाराणसी न केवल धार्मिक महत्व के केंद्र हैं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के प्रतीक भी हैं।

# साल भर में मुख्यमंत्री के पास पहुंचे 66 हजार से अधिक जरूरतमंद

● वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66874 मरीजों के इलाज के लिए प्रदेश सरकार ने मुहैया कराए 13.44 अरब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के पास बीते वित्तीय वर्ष (2024-25) में 66,874 ऐसे जरूरतमंद पहुंचे, जिन्होंने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहयोग मांगने वाले हर मरीज/परिजनों व जरूरतमंदों की सहायता की। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66874 जरूरतमंदों के लिए योगी सरकार ने 13.44 अरब से अधिक की सहायता मुहैया कराई। केवल कैंसर के ही 7570 मरीजों को 1.66 अरब की मदद दी गई, जबकि किडनी के उपचार, ट्रांसप्लांट और इसके बाद के उपचार के लिए लगभग 1729 मरीजों को 33.12 करोड़ की चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा अग्निकांड से हुई क्षति, मृतक आश्रितों, पुत्री के विवाह, शिक्षा आदि के लिए भी शासन से वित्तीय मदद दी गई।

गोरखपुर का जनता दर्शन हो या लखनऊ का, जनप्रतिनिधियों का पत्र हो या मरीजों/परिजनों का, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पर सुनवाई की और अस्पताल में एस्टिमेट मिलने के बाद शासन की तरफ से सहायता राशि उपलब्ध कराई। यही नहीं, अग्निकांड के पीड़ितों, दुर्घटना के शिकार, मृतक आश्रितों, बेटियों की शादी आदि के लिए भी योगी आदित्यनाथ ने शासन से सहायता दिलाई।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार: अविनाश पांडेय

● संगठन सृजन कार्यशाला में कांग्रेसजनों ने प्रदेश में सरकार बनाने का लिया संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**गांधी** भवन (प्रेक्षागृह कैसरबाग) में कांग्रेस ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यशाला की, कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश के नेता शामिल हुए और कांग्रेस नेताओं ने 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प लिया। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर प्रत्येक जनपद में पार्टी का वार रूम स्थापित करने पर सुझाव हुआ, और कार्यशाला में सभी ने राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे जातीय जनगणना पर आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रीय नेताओं ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे।

कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा हमें अगले 100 दिनों में संगठन सृजन पूर्ण कर लेना है, यहां बैठे हर व्यक्ति पर नेतृत्व ने विश्वास जताया है और आपको अपने समर्पण और कर्मठता से उस पर खरे उतरना है, आपको 5 स्तरीय (जिला, ब्लाक, मंडल, न्याय पंचायत, बूथ) तक संगठन निर्माण कर अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस के गौरवशाली विरासत का संदेश पहुंचाना है और पार्टी की पुनः सत्ता में वापसी करानी है। हमारा कार्यकर्ता 2027 में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए तैयार है, 2027 का चुनाव हमारे लिए और प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है, जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। सभागार में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देश के ध्वज तिरंगा को लहराकर देश और भारतीय सेना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, संगठन सृजन निर्माण को एक नई दिशा हेतु उपस्थित सभी कांग्रेसजनों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा जारी उनका वीडियो संदेश सुनाया गया। तत्पश्चात देश के विकास में कांग्रेस और सरकारों द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं निर्णयों पर लघु फिल्म भी पदाधिकारियों को दिखाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय न कहा कि राहुल गांधी देशहित में एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिससे घबराई हुई भाजपा सरकार उन्हें रोकने के लिए लगातार साजिश कर रही है मगर हम सभी कांग्रेसजन प्रतिबद्ध हैं। अपने नेता के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए। राय ने कहा संगठन निर्माण जो मेहनत प्रियंका नेतृत्व में 2022 में हुई थी उसका परिणाम हमें 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। राय ने 2027 चुनाव के लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को जुटने का निर्देश दिया। प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि जननायक राहुल एक मजबूत संकल्प के साथ संघर्ष की राह पर निकल पड़े हैं। हम 2027 में एक नई इबारत लिखेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कार्यशाल में उपस्थित पदाधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रिजेन्टेशन के जरिए मीडिया के कई पहलुओं से अवगत कराया। वॉर रूम के चेयरमैन, सांसद शशिकांत सेंथिल ने बूथ लेवल तक संगठन सृजन किस प्रकार से किया जाए इस पर गहरी चर्चा की। सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया जनता तक अपनी आवाज पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई जो राहुल गांधी लड़ रहे हैं वही हमारा मूल आधार है। महिला कांग्रेस कमेटी की चेयरमैन अलका लांबा, अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, राष्ट्रीय छात्र संगठन के चेयरमैन वरूण चौधरी, सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, सत्यनारायण पटेल, नीलांशू चतुर्वेदी, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने भी कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित किया।

# अयोध्या आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को पार्किंग की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**भगवान** श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कारागार के पीछे 14 हजार स्क्वायर मीटर के विशाल क्षेत्र में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पार्किंग का निर्माण कराया है। नगर निगम द्वारा तैयार इस पार्किंग में 48 बड़े वाहन, 150 से अधिक चार पहिया वाहन और बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल खड़ी हो सकेंगी। यह सुविधा न केवल वाहनों की पार्किंग को सुगम बनाएगी, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार में अयोध्या अब वैश्विक स्तर पर धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। यहां हर दिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने इस पार्किंग को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराया है। यह पार्किंग शहर की भीड़भाड़ को कम करने और यातायात को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पार्किंग में विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। यहां पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। यह सुविधा पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देगी और उन पर्यटकों के लिए लाभकारी होगी जो इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हैं। पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है। अयोध्या में पहले पार्किंग की कमी के कारण पर्यटकों को अपने वाहन सड़कों पर या असुरक्षित स्थानों पर खड़े करने पड़ते थे, जिससे यातायात जाम और असुविधा की स्थिति उत्पन्न होती थी।

# जल जीवन मिशन में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार: अखिलेश

● टेस्टिंग के दौरान फट जा रहीं पानी की टंकियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार में हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार और लूट है। भाजपाई जनता के पैसे की लूट कर रहे है। जल जीवन मिशन से लेकर धान, गेंहू खरीद, इन्वेस्ट यूपी और एक्सप्रेस-वे निर्माण तक कहीं कोई विभाग और कार्य भाजपा के भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है।

यादव ने कहा कि प्रदेश में हर घर जल को लेकर भाजपा सरकार ने बहुत शोर मचाया। प्रदेश में लोगों के घरों में जल नहीं पहुंचा। लेकिन हर जिले, हर गांव और गली में भ्रष्टाचार साफ दिखाई दे रहा है। जल जीवन मिशन के नाम पर बन रही पानी की टंकियां भाजपाइयों के भ्रष्टाचार के भार को नहीं सह पा रही है। पानी की टंकियां टेस्टिंग के दौरान फट जा रही है। पाइप लाइनें टेंस्टिंग में ही टूट रही है। लखीमपुर खीरी में करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी ट्रायल में फट गयी। उन्नाव में जल जीवन मिशन की पाइप कई जगह फट गयी। यह तो सिर्फ उदाहरण है। पूरे प्रदेश में यही हाल है। यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार का फव्वारा मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ा रहा है। सरकार के दावों की असलियत सामने आ गयी है। इसी तरह से प्रदेश में धान खरीद में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। सिद्धार्थ नगर जिले समेत कई स्थानों पर बिना धान खरीद के पैसे का बंदरबांट हो गया। प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के नाम पर भी जमकर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चल रहा है। सरकार के करीबी अधिकारी निवेश और इन्सेंटिव के नाम पर कमीशन खा रहे है। यह कमीशन ऊपर से नीचे तक बंटता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि कमीशन के बंटवारे का झगड़ा हुआ तो सरकार की पूरी पोलपट्टी खुल गयी। भ्रष्टाचार में शामिल आईएएस अधिकारी तक भागे हुए है। यह सब भ्रष्टाचार सत्ताशीर्ष के संरक्षण में हो रहा है। ईमानदारी का झूठा ढोंग करने वाली सरकार ने एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं में भारी लूट किया है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे तो प्रधानमंत्री के उद्घाटन करने के बाद ही धंस गया। उसका मेंटेनेंस अभी भी चल रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से बनने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे में भ्रष्टाचार और लूट का गोरखधंधा अभी भी जारी है।

# हीट वेव को लेकर प्रदेश सरकार ने जारी की गाइडलाइन

## दोपहर 12 से 4 बजे के बीच तेज धूप में घरों से बाहर न निकलने की दी सलाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में इन दिनों तेज गर्मी और लू (हीट वेव) का भीषण प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राहत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। सीएम ने विभाग को प्रदेशवासियों को अलर्ट करने एवं हीट स्ट्रोक से बचाव संबंधी सुझाव देने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को जागरूक करने के लिए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें तेज गर्मी और लू से बचाव संबंधी सुझाव दिये गये हैं। साथ ही विभिन्न पोस्टर और पर्चों के माध्यम से लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है।प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में विभाग की ओर से सभी प्रदेशवासियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए कई जरूरी सुझाव दिए गये हैं। प्रदेशवासियों को सलाह दी गई है कि बाहर निकलते समय शरीर को ढक कर रखें, हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें और धूप में छाता या चश्मा ज़रूर लगाएं। लगातार तरल पदार्थों का सेवन करते रहें जैसे नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी आदि। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दों या शेड का प्रबंध करें ताकि सीधे सूर्य की किरणें अंदर न आएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। वहीं दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी है कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट, अधिक प्रोटीन या बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें।योगी सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ने हीट वेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को भी पोस्टरों के माध्यम से साझा किया है। इनमें शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाना, लाल और सूखी त्वचा, चक्कर आना, मांसपेशियों में कमजोरी, सांस फूलना, सिरदर्द, घबराहट, मतली या उल्टी शामिल हैं। यदि किसी व्यक्ति को ये लक्षण दिखें तो उसे तुरंत छायादार जगह पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाएं, संभव हो तो ठंडे पानी से नहलाएं और तुरंत एम्बुलेंस या डॉक्टर को बुलाएं। इसके अलावा श्रमिकों और बच्चों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए आवश्यक है कि उन्हें नियमित अंतराल पर विश्राम दिया जाए और उनके लिए ठंडी और छायादार जगह की व्यवस्था हो। भारी श्रम कार्यों को सुबह या शाम के समय में कराया जाए। बच्चों को दोपहर के समय धूप में खेलने से रोका जाए, उनके कपड़े ढीले और हल्के हों और वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। कभी भी बच्चों को गर्मी में बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें।

सीएम योगी ने निर्देशित किया गया है कि श्रमिकों की निगरानी के लिए तुरंत 'मित्र प्रणाली' लागू की जाए। इसके तहत साथी एक-दूसरे की सेहत का ध्यान रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही भारी उद्योगों में गर्म उपकरणों को इन्सुलेट करने और बच्चों के लिए कूल शेड की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने लोगों से अपील की है कि हीट वेव के प्रति सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति में गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं या एम्बुलेंस सेवा 108 पर कॉल करें।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

आशा सिंह पत्नी तेज धारी सिंह, निवासी ळभ-07, सेक्टर 4, नोएडा, उत्तर प्रदेश की मूल बिल्डर बायर एग्रीमेंट की प्रति दिनांक 02 जनवरी 2024 को खो गई है। प्राप्तकर्ता 9178979 77900 पर संपर्क करे।

सूचना

मैंने अपना नाम मोहम्मद यकुब से बदलकर मोहम्मद याकूब पुत्र मोहम्मद हारून कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता-नेता नगर मंझनपुर कौशाम्बी।

सूचना

मेरा नाम KRITTIKA PAREEK था जिसे मैने बदलकर KRITIKA PAREEK कर लिया है अतः भविष्य में मुझे KRITIKA PAREEK के नाम से जाना-पहचाना जाए। निवासी कानपुर

सूचना

मैंने एवं मेरी पत्नी रिचा तिवारी ने क्रमशः अपने भाई व देवर बबलू तिवारी एवं शनी तिवारी के दुराचरणों के कारण अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं अब इनके द्वारा किए गए सभी कार्य या लेन-देन आदि की जिम्मेदारी हमारी नही होगी, कौशल तिवारी पुत्र स्व0 अवधेश तिवारी नि0 सी-423, बर्रा-6, कानपुर नगर

आवश्यकता है

C.D. गर्ल्स पी.जी. कालेज
चिनहट तिराहा, चिनहट, लखनऊ
(सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय)

में **प्राचार्य** - 01 पद हेतु योग्य अभ्यर्थी की आवश्यकता है। 15 वर्ष का शैक्षिक अनुभव मानदेय एवं योग्यता एन.सी.टी.ई./ राज्य सरकार/यू0जी0सी0/ लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन के 21 दिन के अन्दर दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक अभिलेखों के प्रमाणित छायाप्रति सहित उपरोक्त पते पर प्रेषित करें।
Email- ashokdeosp@gmail com
Mob.- 9415055080
(प्रबंधक)

आवश्यकता है!

श्री महाराणी बनदेवी संस्कृत महाविद्यालय, बनदेवी कहिनौर जनपद-मऊ
आवश्यकता है-
शासन द्वारा राज्यानुदानित, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत श्री महाराणी बनदेवी संस्कृत महाविद्यालय बनदेवी कहिनौर-मऊ में अधो. लिखित पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र शैक्षणिक अहर्ता की स्व प्रमाणित प्रतियों के साथ 10 जून 2025 तक पंजीकृत डाक से कार्यालय प्रबन्धक श्री महाराणी बनदेवी संस्कृत महाविद्यालय शास्त्री भवन मुंशीपुरा मऊ के पते पर प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
**प्रवक्ता/सहायक अध्यापक कुल ०५ पद**
01 पद साहित्य, 01 पद व्याकरण, 01 पद भूगोल, 01 पद शिक्षाशास्त्र व 01 पद गृहविज्ञान/विज्ञान (आधुनिक विषय)
अभ्यर्थी द्वारा जिस पद के लिए आवेदन किया जायेगा उस विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि आवश्यक है। अभ्यर्थी द्वारा जिस पद के लिए आवेदन किया जायेगा लिफाफे पर मोटे अक्षर में अंकित किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपना नाम व पता लिखा हुआ दो लिफाफा रजिस्ट्री टिकट लगाकर अवश्य संलग्न करें। वेतन व अन्य परिलब्धियां नियमानुसार देय होंगी।
कार्यालय प्रबन्धक श्री महाराणी बनदेवी संस्कृत महाविद्यालय (शास्त्री भवन मुंशीपुरा) जनपद-मऊ मोबाइल नम्बर ६४१५२७५०७२

HDFC BANK
We understand your world

कानूनी प्रकोष्ठः एचडीएफसी बैंक लि., दूसरी मंजिल, एक्सपीरियो बिल्डिंग, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ता 1. मेसर्स उमेश एसोसिएट्स इसके प्रोपराईटर द्वारा श्री अवधेश चौरसिया (उधारकर्ता) 2. श्री उमेश कुमार चौरसिया पुत्र श्री बलदेव बरई (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) 3. श्री अवधेश चौरसिया पुत्र श्री बलदेव चौरसिया (सह-उधारकर्ता) को** मांग सूचना दिनांक 07-02-2025 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 50,95,393.00 (रु. पचास लाख पिच्वान्वे हजार तीन सौ तिरान्वे मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार(रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **13.05.2025** को ले लिया है।
कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **एचडीएफसी बैंक लि.**, के प्रभार वास्ते **रु. 50,95,393.00 (रु. पचास लाख पिच्वान्वे हजार तीन सौ तिरान्वे मात्र) और भविष्य का ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित वसूली घटाकर, यदि कोई हो,** के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

नगर निगम आवास सं. 529डी/2/399(23) खसरा सं. 268 एसए मिन. के प्लॉट संख्या 23 पर निर्मित, 208.178 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, ग्राम- आदिल नगर वार्ड शंकरपुरवा, तहसील व जिला लखनऊ में स्थित। (संपत्ति श्री उमेश चौरसिया के स्वामित्व में)। निम्नानुसार सीमाः पूर्वः 25 फीट चौड़ी सड़क पश्चिमः गायत्री देवी यादव का मकान उत्तरः श्री इच्छवाकु नादान तिवारी का मकान दक्षिणः फकरुद्दीन खान का मकान

**दिनांकः 13.05.2025,** स्थानः लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड
सीआईएन - L24123UP1984PLC014111
पंजीकृत कार्यालयः ए-7, सेक्टर-7, नोएडा-201301, यू.पी.
दूरभाषः 91-120-2423316 ईमेलः info@dependentsoft.com, nkc@dependentsoft.com, वेबः www.continentelhemicalsltd.com

31 मार्च, 2025 को तिमाही समाप्ति हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(ईपीएस छोड़कर लाख रुपये में)

| | विवरण | 31.03.2025 को तिमाही समाप्ति (लेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को तिमाही समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 को तिमाही समाप्ति (लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को वर्ष समाप्ति (लेखापरीक्षित) | 31.03.2024 को वर्ष समाप्ति (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालन से आय | 39.94 | 43.81 | 37.36 | 157.38 | 157.49 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या आसाधारण मदें) | 19.46 | 13.83 | 14.95 | 48.19 | 60.55 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 19.46 | 13.83 | 14.95 | 48.19 | 60.55 |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 19.70 | 9.75 | 11.91 | 43.60 | 51.82 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) सहित (कर पश्चात्) | 19.67 | 9.83 | 11.94 | 43.73 | 52.11 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर जैसा कि पिछले वर्ष की तुलन-पत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | 278.17 | 234.43 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु-10/- प्रत्येक) | | | | | |
| | मूलभूत | 0.88 | 0.43 | 0.53 | 1.94 | 2.30 |
| | तरलीकृतः | 0.88 | 0.43 | 0.53 | 1.94 | 2.30 |

नोटः
1 उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है और इस प्रकार निदेशक मंडल द्वारा 17.05.2025 को आयोजित उनकी बैठक में अभिलेखों में लिया गया है।
2 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए जब भी आवश्यक हुआ, उन्हें पुनः समूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
3 ये परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (इंड एएस) और अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार संभव सीमा तक तैयार किए गए हैं।
4 कंपनी केवल एक सेगमेंट में काम करती है।
5. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सूचीबद्ध इकाई यानी कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड की वेबसाइट www.continentalchemicalsltd.com पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

स्थानः नोएडा
दिनांकः 17.05.2025

बोर्ड और उसकी ओर से
कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00376963

# Ensure benefit of govt welfare schemes to every poor, says Varanasi DM

PIONEER NEWS SERVICE ■ Varanasi



DM Satyendra Kumar listening people's complaints at Sadar Tehsil in Varanasi on Saturday.

District Magistrate Satyendra Kumar, while presiding over the Sampoorna Samadhan Diwas organised in Sadar tehsil here on Saturday, said that no poor person should be deprived of any government welfare scheme.

He directed the Revenue Department and other departmental officers concerned to dispose of the complaints they received within the stipulated time frame. He said that the officers should go to the spot with the employees concerned and listen to the complainant and ensure quality disposal of their issues.

Listening to the problems of the complainants present on the occasion, the district magistrate said that the immediate disposal of the complaints and the satisfaction of the complainant was the main objective of the Sampoorna Samadhan Diwas and any negligence found in this or delay in taking cognisance by the officer/employee concerned would be taken seriously.

